एचटेट की तैयारी पूरी, 26 और 27 दिसंबर को परीक्षा कराने का प्रस्ताव

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 की तैयारियां पूरी कर ली हैं। वोर्ड ने परीक्षा 26 और 27 दिसंबर को कराने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है अभी आधिकारिक तारीखों की घोषणा नहीं हुई है।

बोर्ड चेयरमैन डॉ. शंकर धूपड़ के अनुसार परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हैं और अब औपचारिक घोषणा का इंतजार है। कोर्ट के निर्देशों के अनुसार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा हर साल आयोजित की जानी है। एचटेट-2025 की परीक्षा इसी साल 4 और 5 जुलाई को हुई थी जवकि इसका

बोर्ड ने भेजीं परीक्षा की तारीखें घोषणा का इंतजार, चेयरमैन बोले-दिसंबर में ही होगी परीक्षा

परिणाम 22 अगस्त को घोषित किया गया था। ऐसे में इस साल परीक्षा आयोजित कराने के लिए करीब डेढ़ महीने का समय शेष है। अभ्यर्थी भी एचटेट-2026 की तारीखों की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

चेयरमैन ने बताया कि परीक्षा की तारीखें निर्धारित कर प्रस्ताव भेजा जा चुका है और जल्द घोषणा की जाएगी। प्रक्रिया पूरी होते ही परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। संवाद

भास्कर खास

इस बार परीक्षा केंद्रों के चयन से पहले शिक्षा बोर्ड बरत रहा खास सतर्कता

एचटेट की परीक्षा के लिए फतेहाबाद में 19 केंद्र

बजरंगमीणा | फतेहाबाद

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की ओर से वर्ष 2026 की एचटेट परीक्षा 26 और 27 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए फतेहाबाद जिले में 19 शिक्षण संस्थानों को संभावित परीक्षा केंद्रों के रूप में चिह्नित किया गया है। इस बार परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर बोर्ड ने संस्थानों से कई तरह की विस्तृत जानकारियां मांगी हैं। इनमें सीसीटीवी कैमरों की कुल संख्या, उनकी ऑनलाइन या ऑफलाइन स्थिति और मेगापिक्सल क्षमता के साथ-साथ मोबाइल टावर की दूरी तक शामिल है। संस्थानों को परीक्षा केंद्र की उपलब्ध सुविधाओं का पूरा ब्योरा निर्धारित प्रोफार्मा में देना होगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों के सभी शिक्षण संस्थानों को 10 नवंबर 2026 तक सहमति प्रोफार्मा भरकर बोर्ड की ई-मेल आईडी और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ई-मेल पर भेजना होगा। संस्थानों से प्राप्त जानकारी के आधार पर परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर होगी परीक्षा एचटेट की परीक्षा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों के अलावा उपमंडल महेंद्रगढ़ और बहादुरगढ़ में भी आयोजित की जाएगी।

कैमरों की मेगापिक्सल क्षमता बतानी होगी

परीक्षा की निगरानी के लिए संस्थानों में सीसीटीवी व्यवस्था का पूरा विवरण मांगा गया है। इसमें कैमरों की कुल संख्या, उनकी मेगापिक्सल क्षमता और ऑनलाइन या ऑफलाइन होने की जानकारी देनी होगी। इसके अलावा बिजली आपूर्ति बाधित होने पर पावर बैकअप के लिए जनरेटर की उपलब्धता भी बतानी होगी। संस्थानों को मोबाइल टावर, बस स्टैंड और नगरपालिका क्षेत्र से अपने परिसर की दूरी का विवरण भी देना होगा। बोर्ड का उद्देश्य परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और अन्य जरूरी सुविधाओं का पहले से आकलन करना है।

हर कमरे में 24 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था

बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों की वास्तविक क्षमता जांचने के लिए प्रत्येक कमरे की बैठक व्यवस्था का विवरण मांगा है। इसके तहत एक कमरे में 6 गुणा 4 के हिसाब से 24 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा संस्थानों को कुल उपलब्ध डेस्क की संख्या भी बतानी होगी। इससे परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार केंद्रों का निर्धारण किया जा सकेगा।

तैयारियां शुरू की गईं हैं

डीईओ संगीता बिश्नोई ने बताया कि ए चटेट परीक्षा के आयोजन को लेकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिले में 19 शिक्षण संस्थानों को संभावित परीक्षा केंद्रों के रूप में चिह्नित किया गया है। '

जिले के इन संस्थानों में प्रस्तावित हैं परीक्षा केंद्र

फतेहाबाद जिले में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल भवन के पास), चौधरी मणिराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोड़िया खेड़ा, एमएम पीजी कॉलेज, एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन, क्रेसेंट पब्लिक स्कूल खैराती खेड़ा रोड, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल एनएच-9, एसबीपी डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल बिघड़ रोड, एपेक्स पब्लिक स्कूल सतीश कॉलोनी और सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल भूना रोड सहित 19 संस्थानों को संभावित केंद्रों की सूची में शामिल किया गया है।